देहरादून (उत्तराखण्ड)

गुरुवार 15.08.2024 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को विनिर्माण, सेमीकंडक्टर उत्पादन, और डिजाइनिंग के क्षेत्र में विश्व का अग्रणी देश बनाने पर जोर दिया।
- प्रधानमंत्री ने लाल किले की प्राचीर से स्वतंत्रता दिवस पर अपने संबोधन में धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता का आह्वान किया।
- श्री मोदी ने महिलाओं के खिलाफ हिंसा के बढ़ते मामलों पर चिंता व्यक्त की, कहा– अपराधियों को जल्द से जल्द सजा दी जानी चाहिए।
- प्रदेशभर में स्वतंत्रता दिवस उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के हर जिले में एक स्थानीय निकाय को आदर्श निकाय के रूप में विकसित करने की घोषणा की।

**स्वतंत्रता दिवस /प्रधानमंत्री संबोधन**

राष्ट्र आज अपना 78वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर नई दिल्ली में लाल किले की प्राचीर से ध्वजारोहण किया और राष्ट्र को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में सेमीकन्डक्टर उत्पादन में वैश्विक नेतृत्व हासिल करने, आयात पर निर्भरता कम करने और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ाने की भारत की प्रतिबद्धता का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने भारत के विकास की दिशा तय करने वाले भविष्य के लक्ष्यों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने विनिर्माण, गेमिंग और डिजाइनिंग समेत विभिन्न

क्षेत्रों में देश को वैश्विक नेता के रूप में स्थापित करने के लिए नवाचार की आवश्यकता पर बल दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के 140 करोड नागरिक एक संकल्प लेकर चलें तो हर चुनौती को पार कर देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बना सकते हैं। 2024 के बजट का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने देश के युवाओं को प्रशिक्षित करने और देश को कौशल विकास का केंद्र बनाने के लिए सरकार के कई कार्यक्रमों का उल्लेख किया। श्री मोदी ने कहा कि सरकार ईज ऑफ लिविंग के लिए मिशन मोड में काम कर रही है। उन्होंने नियमित आंकलन और बुनियादी सुविधाओं में सुधारों से शहरी क्षेत्रों में जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने की बात कही।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वोकल फॉर लोकल मंत्र देश की अर्थव्यवस्था की वृद्धि का मंत्र बन गया। एक जिला एक उत्पाद का मंत्र लोगों में लोकप्रिय हो रहा है।

**प्रधानमंत्री संबोधन**

प्रधानमंत्री ने हाल के समय में प्राकृतिक आपदाओं मे बढोतरी पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने इन आपदाओं से प्रभावित लोगों को आश्वासन दिया कि कठिन समय में पूरा देश उनके साथ है।

श्री मोदी ने कहा कि भारत एक समय आतंकवादी हमलों का शिकार हुआ करता था लेकिन अब उसमें नया साहस और मजबूती है। उन्होंने कहा कि देश की सशस्त्र सेनाएं सर्जीकल स्ट्राइक करती हैं तो हर देशवासी को गर्व होता है। श्री मोदी ने कहा कि पिछले दस वर्ष में दस करोड़ महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुडकर वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनी हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं परिवार में नीति निर्धारक बन गई हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने देश में स्वयं सहायता समूहों को अब तक नौ लाख करोड़ रूपए दिये हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि महिलाओं पर अत्याचार के कारण देश में रोष है। महिलाओं के साथ अपराधों की जल्द से जल्द जांच और दोषियों को जल्द सजा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मीडिया में दुष्कर्म की घटनाएं तो उजागर होती हैं लेकिन दोषियों को मिलने वाली सजा का ज्यादा प्रचार नहीं होता।

**स्वतंत्रता दिवस प्रदेश 01**

प्रदेशभर में स्वतंत्रता दिवस उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। 78 वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर उत्तराखंड देशभक्ति में रंग में रंगा नजर आया। शहर के चौक–चौराहों से लेकर गांव की गलियों में आजादी के गीत गूंजते रहे। अधिकांश घरों की छतों पर तिरंगा लहराता दिखा। कई जगह तिरंगा यात्रा निकाली गई। सरकारी–गैर सरकारी इमारतों को तिरंगी रोशनी से सजाया गया। स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद किया गया और उनके संकल्पों को दोहराया गया। स्वतंत्रता दिवस पर हर कोई गर्व के भाव से लबरेज दिखा।

स्वतंत्रता दिवस का मुख्य कार्यक्रम देहरादून के परेड मैदान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ध्वजारोहण किया। श्री धामी ने प्रदेशवासियों को 78वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को नमन करते हुए राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदों को याद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि होने के साथ ही वीरभूमि है क्योंकि देश की रक्षा के लिए जब भी आवश्यकता पड़ी, प्रदेश ने हमेशा महत्वपूर्ण योगदान दिया। मुख्यमंत्री ने सभी से विकसित उत्तराखंड–विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को सम्मानित किया और फोटो प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

## घोशणा

राज्य के हर जिले में एक स्थानीय निकाय को आदर्श निकाय के रूप में विकसित किया जायेगा। साथ ही उद्योग, बागवानी और कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले काश्तकारों, उद्यमियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार दिया जाएगा। पहले स्थान पर रहने वाले को एक लाख, दूसरा स्थान पाने वाले को को 75 हजार और तीसरे स्थान पर रहने वाले को पचास हजार रूपए की धनराशि दी जाएगी। श्री धामी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों के लिए आठ घोषणांए कीं। देहरादून के परेड मैदान में आयोजित कार्यक्रम में श्री धामी ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, दिव्यांग और अन्य पिछड़ा वर्ग के नियमित कर्मचारियों के लिए ''कर्मचारी व्यक्तिगत ऋण योजना'' लागू करने की घोषणा की। उन्होंने यह भी कहा कि वृद्धावस्था पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, दिव्यांग पेंशन योजना, जन्म से दिव्यांग बच्चों को अनुदान योजना और परित्यक्ता पेंशन योजना में वर्तमान में निर्धारित मासिक आय चार हजार से बढ़ाकर छह हजार रुपए प्रतिमाह किया जायेगा। श्री धामी ने वरिष्ठ नागरिकों के समग्र कल्याण के लिए नीति बनाने के बात भी कही। उन्होंने पर्वतीय क्षेत्रों से पलायन रोकने और ट्राउट मत्स्य उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए ''मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना'' के तहत मत्स्य विभाग में 200 करोड़ रुपए की योजना शुरू करने की भी घोषणा की। श्री धामी ने बताया कि राज्य के पशुपालकों को आधुनिक पशुचिकित्सा सेवाएं देने के उद्देश्य से 75 करोड़ रूपये की लागत से सभी जिलों में एक–एक मॉडल पशु चिकित्सालय स्थापित किए जांएगे, जिससे लगभग 11 लाख पशुपालक परिवारों के पशुधन को सुरक्षा प्रदान की जा सकेगी।

## पुलिस मुख्यालय कार्यक्रम

स्वतंत्रता दिवस पर देहरादून स्थित पुलिस मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने ध्वजारोहण किया और सभी को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक ने कहा कि पुलिस

प्रदेशभर में सुरक्षा, सेवा और संवाद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वरिष्ठजनों और प्रबुद्धजनों से संवाद कर 'मित्र पुलिसिंग' अभियान चलाएगी। इस दौरान उन्होंने पुलिस कर्मियों को सराहनीय सेवा पदक और उत्कृष्ट–सराहनीय सेवा सम्मान चिह्न प्रदान कर सभी पदक विजेताओं को बधाई दी।

**स्वतंत्रता दिवस**

उधर, उधमसिंहनगर जिले में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पुलिस लाइन रुद्रपुर में आयोजित कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री गणेश जोशी ने झंडारोहण कर परेड की सलामी ली। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों उनके आश्रितों सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया। उधर रुद्रप्रयाग स्थित पंच केदार में प्रमुख केदारनाथ धाम मंदिर परिसर में श्रीबद्रीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी युद्धवीर सिंह पुष्पवाण ने ध्वजारोहण किया। वहीं टिहरी गढ़वाल में स्वतन्त्रता दिवस पर विभिन्न स्कूली बच्चों ने जिला मुख्यालय से प्रभात फेरी निकाली।

**पी.बी. शब्द**

प्रसार भारती ने मीडिया संगठनों को सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पी.बी. शब्द सेवा शुरू की है। मीडिया संगठन मार्च 2025 तक इसका उपयोग निःशुल्क कर सकेंगे। इसके लिए इच्छुक संगठन `ेइकण्चतेंतइीतजपण्वतहध्तमहपेजमत पर पंजीकरण करा सकते हैं। पी.बी. शब्द का उद्देश्य मीडिया संगठनों को देश की प्रमुख भाषाओं में देशभर की ताजातरीन खबरें उपलब्ध कराना है। इनमें वीडियो, ऑडियो, टैक्स्ट और फोटो शामिल हैं।

**और अब संक्षिप्त समाचार**

जम्मू कश्मीर के डोडा में आतंकवादियों से मुठभेड़ में शहीद हुए 48 राष्ट्रीय राइफल के कैप्टन दीपक सिंह का पार्थिव शरीर आज देहरादून पहुंचा। इस दौरान राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

उत्तराखंड जल विद्युत निगम–यूजेवीएन ने एक दिन में 25 दशमलव नौ–सात मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन का नया रिकॉर्ड बनाया है।